भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 232**
बुधवार, 22 मार्च, 2023 (1 चैत्र, 1945 (शक)) को उत्तरार्थ

**सहकारी समितियों द्वारा जीईएम (जेम) पोर्टल पर खरीदार के रूप में पंजीकरण**

**232# श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभाः**

क्या ***सहकारिता*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा सहकारी समितियों को जेम पोर्टल पर खरीदार के रूप में पंजीकरण करने हेतु अनुमति प्रदान की गई है;

(ख) यदि हां, तो जेम पोर्टल पर खरीदार के रूप में पंजीकरण के पश्चात सहकारी समितियों को क्या लाभ प्राप्त होंगे, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अब तक कितनी सहकारी समितियों ने जेम पोर्टल पर खरीदार के रूप में अपना पंजीकरण कराया है; और

(घ) उत्तर प्रदेश में जेम पोर्टल पर खरीदार के रूप में पंजीकृत सहकारी समितियों की कुल संख्या कितनी है ?1

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) से (घ): सदन के पटल पर एक विवरणी रखी गई है ।

**दिनांक 22 मार्च, 2023 को उत्तरार्थ राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 232 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरणी**

(क) : जी हां, मान्यवर । भारत सरकार ने दिनांक 01 जून, 2022 को सहकारी समितियों को गवर्मेंट इ-मार्केटप्लेस (जेम) पर बतौर 'क्रेता' पंजीकृत होने की अनुमति प्रदान की है ।

(ख): जेम के माध्यम से खरीद पर सहकारी समितियों को खुली व पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा प्रतिस्पर्धी दरों पर लगभग 60 लाख विक्रेताओं से माल व सेवाओं की प्राप्ति होगी जिससे इन समितियों के सदस्यों को आर्थिक फायदा होगा । जेम पर मानक प्रक्रिया का अनुपालन करके खरीददारी में लगने वाले समय की बचत होगी और प्रशासनिक बोझ में कमी आएगी । इससे पारदर्शिता बढ़ाकर सहकारी समितियों के विश्वसनीयता में भी वृद्धि होगी ।

(ग): सहकारी समितियों को ऑनबोर्ड करने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित की जा रही है। प्रथम चरण में, ए-ग्रेड संपरीक्षण रेटिंग (जहां कहीं लागू हो) के साथ नवीनतम संपरीक्षित वित्तीय विवरणी के अनुसार 100 करोड़ रुपए से अधिक की टर्नओवर/जमाराशि वाली 618 सहकारी समितियों/सहकारी बैंकों को जेम पर ऑनबोर्डिंग के लिए चिह्नित किया गया है । दिनांक 15 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार 526 सहकारी समितियों को जेम पोर्टल पर क्रेता के रूप में ऑनबोर्ड कर लिया गया है ।

(घ): उत्तर प्रदेश में 58 सहकारी समितियों को जेम पोर्टल पर क्रेता के रूप में पंजीकृत किया गया है।

*****